संक्षिप्त

रैली निकालकर आमजन को किया जागरूक

सावरदा। सावरदा ग्राम में मुख्य सड़क किनारे स्थित किसान सेवा केन्द्र से गुरुवार को कृषि पर्यवेक्षक गिदानी संजु जाखड़ की अगुवाई में जन जागरूरता रैली निकाली गई। जाखड़ ने बताया कि आमजन में बढ़ते पेट सम्बंधी रोगो से छुटकारा पाने के लिए , मोटे अनाज जिनमे मुख्यत बेजड़ ,मक्का ,बाजरा ,आदि का ज्यादा से ज्यादा सेवन करने एवं मोटे अनाज के उपयोग से होने वाले फायदों के बारे में आमजन को जानकारी दी गई। आमजन को मोटे अनाज कि उपयोगीता के लिए प्रेरित करने को लेकर निकाली गई ,जागरूकता रैली में शामिल ग्रामीणों ने सल्गोन लिखी तख्तिया व झंडे हांथो में लेकर पुरे गांव में रैली के माध्यम से संदेश दिया। इस अवसर पर किसान रामलाल रियाड़ , छोटुलाल कुमावत , रणजीत रियाड़ , रामकिशोर माली , छोटुराम प्रजापत , सहित अन्य किसान व ग्रामीण मौजुद थे।

ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

चाकसू। राजकीय महाविधालय चाकसू प्राचार्या सुनीता ने बताया कि में सत्र 2024-2025 में स्नातक प्रथम (सेमेस्टर 1) में रिक्त रही सीटों के लिए आफ लाइन प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 6/11/2024 से प्रारम्भ हो रही है। इच्छुक विद्यार्थी आफलाइन प्रवेश हेतु अपने भावेदन पत्र महाविधालय में दिनांक 11/11/2024 तक जमा करवा सकते है।

तालाब में डुबने से गाय की मौत

टोंक। पीपलू उपखंड के ग्राम जवाली में बुधवार सुबह लावारिस गाय के तालाब के गहरे पानी में डुबने से गाय की मौत हो गई। गाय की मौत की सूचना मिलने पर पूर्व सरपंच सुरेश यादव व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा मौके पर पहुंचने के बाद झिराना थाने में व नोडल पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रामावतार गोयल पशुधन सहायक हरिराम यादव पशु मित्र शंकर लाल यादव को सूचित किया। सूचना पर पहुंचे चिकित्सा टीम ने गाय को रस्सी की सहायता से तालाब के पानी से बाहर निकलवा। डॉक्टर रामावतार गोयल द्वारा पोस्टमार्टम कर जेसीबी मशीन की सहायता से गड्ढा खोदकर गाय को दफन किया गया।

कुंऐ मे गिरने से पशु पालक की हुई मौत

मालपुरा। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षैत्र के आंटोली गांव मे गुरूवार को बिना मुंडेर के कुंऐ मे गिरने से पशु पालक की हुई मौत। मिली जानकारी मे मृतक के परिजनो ने बताया कि आंटोली गांव निवासी कानाराम नायक पुत्र रामअवतार नायक जो कि रोज की तरह अपने पशुओं को लेकर जंगल मे गया था। बकरियां चराने के दौरान प्यास लगने पर कुंऐ से पानी निकाल रहा था। संतुलन बिगड जाने से बिना मुंडेर के कुंऐ मे गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। धमाके की आवाज सुन दौडे अन्य पशु पालको व किसानो ने मृतक के परिजनो व थाना पुलिस को सुचना दी। पुलिस की मौजूदगी मे ग्रामीणो ने कडी मशक्कत कर शव को कुंऐ से बाहर निकाल लाम्बाहरिसिंह अस्पताल पहुंचाया। परिजनो की मौजूदगी मे पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनो को सौंपा।

ट्रायल में संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा

दौसा। जिला क्रिकेट संघ द्वारा 9 नवंबर को प्रात:9 बजे राजेश पायलट स्टेडियम में राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया जावेगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, जो कम से कम गत तीन वर्ष से जिले में स्थायी निवास कर रहे हों। ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाडियों को कंप्यूटर जेनरेटेड जन्म प्रमाण पत्र, अंतिम 3 वर्ष की मार्क शीट, खिलाड़ी का और माता-पिता का आधार कार्ड, माता पिता का वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट इनमें से कोई एक सभी डॉक्यूमेंट्स ओरिजिनल लाने अनिवार्य हैं। इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकते है जिनका जन्म 1.9.2010 से 31.8.2012 के बीच हुआ है। उन्होने बताया कि टीम में खिलाड़ियों के निष्पक्ष चयन के लिए ट्रायल में संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। उसके बाद संभावित खिलाडियों का आपस में दो टीम बनाकर मैच करायेंगे।

'सरकार देश के किसानों, युवाओं व माता-बहनें को योजनाओं से मजबूत करने का काम कर रही'

जयपुर/अलवर। झुंझुनू विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भाम्बू के समर्थन में चुनाव प्रचार के बाद भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां अलवर जिले के प्रवास पर पहुंचे जहां उन्होंने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह के समर्थन में किसान एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर भाजपा को भारी मतों से जिताने की अपील की। सतीश पूनियां 8 नवंबर को नागौर जिले के खींवसर में भाजपा प्रत्याशी रेवंतराम डांगा और 9 नवंबर को टोंक जिले के देवली उनियारा में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

सतीश पूनियां ने भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह के समर्थन में सम्मेलन को संबोधित कर भाजपा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

रामगढ़ में संबोधित करते हुए सतीश पूनियां ने कहा कि, जिनको भारत माता के नारे पर परहेज है हमें उनसे ऐतराज है, यमुना जल समझौते के तहत जो पानी आएगा क्या वह सिर्फ हिंदू के ही घर जाएगा वह सबके घर जाएगा, इसलिए हम जाति, पंथ और मजहब की राजनीति नहीं करते, जो हिंदुस्तान का जाया है, हिंदुस्तान की खाता है उसको हिंदुस्तान का गान गाना पड़ेगा, हम सबका साथ और सबका विकास वाले लोग हैं।

उन्होंने कहा कि, लेकिन 55 सालों में कांग्रेस ने जाति, पंथ और बिरादरी की बात की, देश के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड देने का काम अटल बिहारी वाजपेयी ने किया थाभाजपा एनडीए मोदी सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड

■ किसानों के संकल्प से रामगढ़ में कमल खिलेगा, सुखवंत विधानसभा पहुंचेगा : डॉ. पूनियां

योजना को मजबूती देते हुए फसलों को बीमा देने का काम भी किया है, मोदी सरकार किसान क्रेडिट कार्ड से लेकर पीएम किसान सम्मन निधि, उज्जवला, आयुष्मान, जन-धन इत्यादि तमाम योजनाओं के जरिए देश के किसानों, युवाओं और माता-बहनों को मजबूत करने का काम कर रही है।

अलवर जिले की रामगढ़ की इस धरती से किसान सरदारी की साक्षी में विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दूंगा जिन्होंने छोटे किसानों की सुध लेकर 6 हजार रुपये का आर्थिक संबल देने का जो काम किया है देश का मजबूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह फिक्र करता है कि फसलों के लिए जमीन कैसी हो, जमीन को मजबूत कैसे किया जाए, किसान को उसकी उपज का अच्छा दाम कैसे मिले, यह सब काम पूरी प्रतिबद्धता के साथ नरेंद्र मोदी सरकार कर रही है।अंत्योदय को राजस्थान के जन-जन और घर-घर तक पहुंचाने वाले भैरोंसिंह शेखावत से लेकर वसुंधरा राजे तक और अब भजनलाल सरकार किसानों, युवाओं के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है,किसान सम्मेलन में पूनियां के साथ केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, विधायक रमेश खींची, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, सुखवंत सिंह, युवा मोर्चा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा सहित किसान और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस आज

टोंक। भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस 7 नवंबर के अवसर पर राज्य स्तर पर स्काउट गाइड के प्रदेश संरक्षक राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे द्वारा एवं टोंक जिले में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सोकरिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद परशुराम धानका द्वारा स्टीकर विमोचन किया गया। इस अवसर पर सीडीईओ सुशीला करनानी, डीईओ मीना लसारिया सीओ स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग सीओ गाइड आचू मीणा द्वारा स्काउट गाइड जिला जम्बूरेट गतिविधि, स्थापना दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया। स्टीकर फ्लैग लगाने पर सभी ने अपना अंशदान दिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश, सीताराम , बनवारी लाल बैरवा, चंद्रप्रकाश कुर्मी, उत्तम कुमार पंचोली, जयंती प्रकाश नुवाल ममता जाट, नीतू चावला ने स्काउट गाइड की गतिविधियों की जानकारी दी।

शाहपुरा के जयपुर तिराया - दिल्ली तिराहा का पुलिया निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने की मांग

शाहपुरा । शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने शाहपुरा स्थित जयपुर तिराहा व दिल्ली तिराहा पुलिया का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है। कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने नितिन गडकरी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली को पत्र लिखकर शाहपुरा स्थित जयपुर तिराहा व दिल्ली तिराहा पुलिया का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है। पत्र में विधायक ने लिखा है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 गुजरता है, जिस पर शाहपुरा स्थित जयपुर तिराहा व दिल्ली तिराहा पर पुलिया का कार्य निर्माणाधीन है। शाहपुरा स्थित जयपुर तिराहा पुलिया का निर्माण कार्य चलते लगभग 18 माह हो गये परन्तु आज तक सिर्फ 30 फिसदी निर्माण कार्य ही हुआ है। विगत लगभग 05 माह से तो निर्माण कार्य बंद पड़ा है, तथा निर्माण कार्य की गति के अनुसार पुलिया निर्माण में कई साल लगना प्रतित हो रहा है। इसी प्रकार दिल्ली तिराहा पुलिया का निर्माण कार्य लगभग 14 साल से लंबित है। उक्त पुलिया का निर्माण कार्य जून 2011 में शुरू हुआ था, परंतु आज तक पूर्ण नहीं हुआ। इस पुलिया की जयपुर से दिल्ली की तरफ की लेन चालु है, परन्तु दिल्ली से जयपुर की तरफ की लेन का कार्य आज भी बंद पड़ा है।

इसके साथ ही हाईवे पर निर्माणाधीन अन्य पुलियाएं जिनमें पुतली पुलिया (कोटपुतली) व बहरोड़ पुलिया का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है, तथा दहमी पुलिया का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस प्रकार नेशनल हाईवे पर अन्य पुलियाओं का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है, परन्तु शाहपुरा स्थित पुलियाओं का निर्माण कार्य आज भी

■ आज तक सिर्फ 30 फिसदी निर्माण कार्य ही हुआ है। विगत लगभग 05 माह से निर्माण कार्य बंद पड़ा है

पूर्णता की राह देख रहा है। उक्त दोनों निर्माणाधीन पुलियाओं पर ना ही तो उचित रूप से सर्विस लाइन चालू है तथा ना ही यातायात डाइवर्जन की उचित व्यवस्था

विधायक ने कहा कि उक्त निर्माणाधीन पुलियाओं के कारण हाईवे पर प्राय: यातायात जाम की स्थित बनी रहती है। जिसके कारण जयपुर से दिल्ली व दिल्ली से जयपुर की यात्रा करने वाले यात्रियों को 8 से 10 घंटे का समय लग जाता है। हाईवे की क्षितग्रस्त स्थिति व पुलियाओं के अधूरे पड़े निर्माण कार्य के कारण आये दिन दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है. कई बार तो दुर्घटनाग्रस्त लोगो को अस्पताल ले जाने वाले आपातकालीन वाहन यथा एंबुलेंस इत्यादि भी यातायात जाम में फंस जाते है. जिसके करना लोगों को समय पर चिकित्सकीय उपचार नही मिल पाता है तथा लोग अकारण ही अनहोनी घटनाओं के शिकार हो जाते है। व्यापारिक व ट्रांसपोर्ट की दृष्टि से बड़ा केंद्र है।

पुलियाओं के अधूरे और बंद पड़े कार्य के कारण क्षेत्र के व्यापारी वर्ग, दुकानदार व आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हाईवे के दोनों ओर स्थित गांवों के निवासियों को हाईवे के एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए कई किलोमीटर दूर पैदल चलना पड़ता है।

नगरपरिषद् के सरकारी कर्मचारी के नाम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा बनाये जा रहे फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र

कोटपूतली। राज्य सरकार द्वारा की जा रही सफाई कर्मचारियों की भर्ती में भले ही राज्य सरकार ने अनुभव प्रमाण पत्र को लेकर कई पेचीदगीयां बना दी हों लेकिन जाल साजों के आगे सरकार की ये पेचीदगीयां धत्ता बन रही है।

वाल्मिकी समाज के लोगों की माने तो सफाई कर्मचारी की भर्ती में वाल्मिकी समाज का ही अधिकार माना जाता है किन्तु उक्त भर्ती को लेकर जब से भर्ती प्रक्रिया में अन्य जातियों को भी प्राथमिकता मिली है तभी से प्रदेशभर में जाली अनुभव प्रमाण पत्र बनाये जाने का खेल शुरू हुआ है। ऐसा ही मामला कोटपूतली नगर पालिका के फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बनाये जाने का सामने आया है। जहां वर्ष 2018 से पूर्व कोटपूतली नगरपालिका में ठेकेदार रहे नगरपरिषद् के सरकारी सफाई कर्मचारी के नाम से अज्ञात जाल साज द्वारा जाली अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। जिस पर ना केवल ठेकेदार के फर्जी हस्ताक्षर है अपितु अधिशाषी अधिकारी के भी फर्जी हस्ताक्षर किये गये है। जानकारी के अनुसार कस्बे के नागाजी की गौर निवासी बंशीधर वाल्मिकी ने शिकायत दी है कि वह नगर पालिका कोटपूतली में सफाई ठेकेदार का कार्य करता था एवं इस बाबत लोगों को अनुभव प्रमाण पत्र भी बनाकर देता था।वर्ष


सेवा में,
श्रीमान् न्यायाधिकारी महोदय,
पुलिस थाना कोटपूतली
जिला कोटपूतली बहरोड राजस्थान
विषय – अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बनाये जाने के सम्बन्ध में सूचना देने बाबत प्रार्थना – पत्र।
महोदय,
नम निवेदन है कि प्रार्थी बंशीधर वाल्मिकी पुत्र मालीराम निवासी नागाजी की गौर तहसील कोटपूतली जिला कोटपूतली बहरोड राजस्थान का रहने वाला है प्रार्थी नगरपालिका कोटपूतली में सफाई ठेकेदार का कार्य करता था जिस बाबत प्रार्थी लोगो को अनुभव प्रमाण पत्र भी बनाकर देता था लेकिन प्रार्थी की दिनांक 14 2018 में नगरपालिका कोटपूतली में सरकारी नौकरी लग गयी उसके बाद से प्रार्थी ने किसी भी प्रकार का कोई अनुभव प्रमाण पत्र किसी को बना कर नहीं दिया लेकिन अब पिछले 2 माह पहले 7 सितम्बर 2024 को सफाई कर्मियों की सीधी भर्ती निकली है जिसमे 1 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र आवेदक से लिया जा रहा है इस बाबत कोई अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी के नाम का फर्जी नौट पेड बनाकर फर्जी तरीके से अनुभव प्रमाण पत्र बना रहा है जबकि प्रार्थी ने किसी प्रकार का कोई अनुभव प्रमाण पत्र बनाने का ना तो किसी को काम दिया है ना ही प्रार्थी स्वयं किसी प्रकार का कोई अनुभव प्रमाण पत्र बना रहा है। कोई अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी का नाम का गलत इस्तेमाल करके अनगिनत अनुभव प्रमाण पत्र बना रहा है।
अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थी के नाम से फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बनाने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की कृप्य करें।
दिनांक 21.10.2024
प्रार्थी
बंशीधर वाल्मिकी पुत्र मालीराम निवासी नागाजी की गौर तहसील कोटपूतली जिला कोटपूतली बहरोड राजस्थान
मो.नं.- 8290595914

2018 में 14 जुलाई को नगर पालिका कोटपूतली में ही सरकारी नौकरी लग गई। जिसके बाद से उसने किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का अनुभव प्रमाण पत्र बनाकर नहीं दिया है। दो माह पूर्व 07 सितम्बर 2024 को राज्य सरकार द्वारा

■ ऐसा ही मामला कोटपूतली नगर पालिका के फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बनाये जाने का सामने आया है

सफाई कर्मियों की सीधी भर्ती निकाली गई है। जिसमें एक वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र आवेदक से लिया जा रहा है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के नाम का फर्जी लेटरपेड बनाकर फर्जी तरीके से अनुभव प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। जबकि प्रार्थी ने किसी भी प्रकार का कोई अनुभव प्रमाण पत्र बनाने का ना तो किसी को काम दिया एवं ना ही प्रार्थी स्वयं किसी भी प्रकार का कोई अनुभव प्रमाण पत्र बना रहा है। कोई अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी के नाम का गलत इस्तेमाल करके अनगिनत अनुभव प्रमाण पत्र बना रहा है। फिलहाल पुलिस इस सम्बंध में जाँच कर रही है।कोटपूतली नगर पालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत कर दिया था। बावजुद भी इन फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों में अक्टुबर 2024 की तिथि डालकर कोटपूतली को नगर पालिका मण्डल ही लिखा जा रहा है। बहरहाल अन्य सरकारी भर्तियों की तरह सफाईकर्मियों की भर्ती में भी गड़बड़ी शुरू से ही सामने आने लगी है।

संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

चाकसू, (निस)। कस्बे के मनोहरा तालाब स्थित श्री गोपीनाथ मन्दिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा किया जा रहा है।, जिसका शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।

विधिवत पूजा अर्चना एवं मुख्य यजमान सतीश पारिक और श्रद्धालुओं द्वारा श्रीमद् भागवत गीता पोधी को सिर धारण करके बैंड बाजों के साथ महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर कस्बे के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा निकाली।

कलश यात्रा नीलकण्ठ मन्दिर से रवाना होकर गोपीनाथ मंदिर पहुँची कलश यात्रा में महिलाएं प्रभु का गुणगान करती हुई चल रहीं थी। कलश यात्रा का मंदिर समिति मंत्री रामप्रकाश शर्मा दिनेश शर्मा पोस्टमैन महेश शर्मा सहित कस्बे वासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इसके बाद कथा वाचक पंडित राजेंद्र शास्त्री श्यामपुरा वाले एवं पंडित जगदीश शर्मा ने भागवत की पूजा-अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई।इसके बाद कथावाचक राजेंद्र शास्त्री श्यामपुरा वाले ने कथा के प्रथम दिवस भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताया। इसका बाद आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

घायल नील गाय के बच्चे की जान बचाई

शाहपुरा । ग्राम घासीपुरा में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक खेत में नील गाय के बच्चे पर श्वान हमला कर रहे थे। उसी दौरान एलएसए गोविन्द भारद्वाज बस से यात्रा कर रहे थे। उनकी नजर पड़ी तो उनका हृदय करुणा से भर उठा और उन्होंने तुरन्त बस रुकवाकर वहीं उतर गये एवं खेत में दौड़कर श्वानों को भगाया।

उसके बाद नील गाय बच्चे की जान बचाई एवं उपचार किया। भारद्वाज ने बताया कि श्वानों ने बच्चे के पूंछ पीठ व गर्दन पर हल्के घाव बना दिये थे जिनकी ड्रेसिंग की गई। उपचार के बाद बच्चे को नील गायों के झुण्ड में छोड़ा गया।

भारद्वाज बेजुबान जीवों के प्रति लगाव देखकर हम सबको भी प्रेरणा मिलते है। गौरतलब है कि भारद्वाज कही जाये हमेशा अपना मेडिसन बैग साथ रखते है क्योंकि कही भी कोई घायल पशु पक्षी मिल जाये वही उपचार कर सके। भारद्वाज ने कहा कि परमात्मा ने मनुष्य को पृथ्वी इन बेजुबान पशु पक्षियों की रक्षा के लिए भेजा है। हम सबको इन वन्य जीवो की रक्षा करनी चाहिए।

फुलेरा पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक जने को गिरफ्तार किया

फुलेरा । फुलेरा पुलिस ने पिछले 18 माह से धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे, एक हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि परिवादी श्रवण लाल चौधरी निवासी श्योसिंहपुरा ने स्थानीय थाने पर गत् 1 मई 2023 को एक रिपोर्ट दर्ज करवायी कि अभियुक्त नवरतन गुर्जर ने परिवादी के वाहन ट्रेलर को खरीदने के लिये प्रार्थी के गांव आकोदा आया।

उक्त वाहन को ईकरारनामा के जरिये 12 जनवरी 2022 को क्रय किया तथा नवरतन से परिवादी ने ईकरार किया कि उक्त वाहन पर जो किश्ते बकाया है। उनको जमा करवाकर वाहन का फाइनेंस जमा करवाकर वाहन का लोन फॉरक्लोज करवा दूंगा तथा अभियुक्त को वाहन सुपुर्द कर दिया। परन्तु अभियुक्त ने न तो वाहन की किश्ते जमा करवाई तथा वाहन को खुर्द-बुर्द करके

फरार चल रहे शातिर नवरतन गुर्जर को गिरफ्तार किया।

कबाड़ियों को बेच दिया आदि मामलों को लेकर पुलिस ने

■ आरोपी पिछले 18 माह से चल रहा था फरार

धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

वहीं पुलिस ने आगे बताया कि थाने में मामला दर्ज होने के उपरान्त ही अभियुक्त नवरतन गुर्जर अपने घर से फरार हो गया तथा मोबाईल से बात करता तो डोंग्ल का उपयोग करता था। जिससे उक्त आरोपी को पकड़ना मुश्किल हो रहा था।

इसके चलते पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम का गठन किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए 18 माह से धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे शातिर अभियुक्त नवरतन गुर्जर पुत्र कजोड़मल जाति गुर्जर उम्र 28 वर्ष निवासी ढाणी बोराज को 6 नवम्बर 2024 को गिरफ्तार किया गया।

सार-समाचार

समारोह में होंगे कई अनुष्ठान

सिरस। चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर सिरस में आचार्य इंद्र नंदी महाराज व बालाचार्य निपूर्ण नंदी महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा एवं कलशारोहण का आयोजन होगा। पूर्व सरपंच मोहनलाल जैन ने बताया कि 16 नवंबर को आचार्य निमंत्रण व घट यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। सुबह11 बजे ध्वजारोहण, वेदी शुद्धि, संस्कार सहित कई अनुष्ठान होंगे। दोपहर 12:15 बजे सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा व यागमंडल विधान का आयोजन होगा। शाम को 6:30 बजे महाआरती के बाद शाम 7 बजे शास्त्र सभा व रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। 17 नवंबर को मंगलाष्टक, जिनाभिषेक, नित्यमह पूजन, वास्तु विधान, सरस्वती पूजन, गुरु पूजन, विश्व शांति महायज्ञ, आचार्य के आशीर्वचन, बोलियां, आहार चर्या, दोपहर 9:15 बजे हाथी घोड़े व लवाजमे के साथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद दोपहर 12:15 बजे चंद्रप्रभु भगवान के मंदिर में वेदी में श्रीजी को विराजमान किया जाएगा। इसके बाद सम्मान समारोह होगा। शाम को 4 बजे वात्सल्य भोज का आयोजन होगा। जैन समाज सिरस द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

सरकारी जमीन से उखाड ले गये पालिका का बोर्ड

मालपुरा। मालपुरा शहर के अतिव्यवस्थ एवं दूदू छाण स्टेट हाईवे के डेयरी चौराहा के पास पालिका की करोडो रूपयो की बैसकिमती जमीन पर लगे पालिका की सम्पत्ति के बोर्ड को उखाड ले गये भूमाफिया। डेयरी चौराहे पर बने पालिका के चुंगी नांका भवन को बीते दिनो रात के अंधेरे मे भूमाफियाओं ने कब्जे की नियत से धराशाही कर निर्माण सामग्री का ढेर लगा दिया था। मामला सोशल मिडिया पर उजागर होने पर तत्कालीन पालिका के कार्यवाहक ईओ एवं तहसीलदार राहुल पारीक ने मौके पर पहुंच सरकारी भूमि को सुरक्षा मे लेते हुये पालिका की सम्पत्ति का बोर्ड लगाया था। मामला एक महिने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद प्रशासन को चुंगी नांका भवन तोडने वालो का कोई सुराग नही लगा। यहां तक की किसी प्रकार की कोई पुलिस व प्रशासनिक कार्यवाही भी नही की गई। प्रशासन की शिथिलता का फायदा उठाते हुये भूमाफियाओं ने बुधवार की रात उक्त बैसकिमती जमीन पर लगे पालिका की सम्पत्ति के बोर्ड को उखाड ले गये। सरकारी सम्पत्ति को बार-बार खुर्द-बुर्द करने के किये जा रहै प्रयासो के बावजूद ठोस कार्यवाही नही होना तथा पालिका प्रशासन द्वारा उक्त जमीन पर जाली व तारबंदी करवा पुख्ता अधिकार नही जमाने को लेकर शहर मे मामला सुर्खियां बना हुआ है।

पेड़ काटने वालों पर कार्रवाई की माँग

पावटा। वन विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में धडल्ले से हरे पेडों की कटाई की जा रही है। इसके बाद भी विभाग वन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कस पा रहा है। इसके अलावा प्रशासन भी इस तरफ अनदेखी कर रहा है। हर वर्ष शासन हरियाली को बढावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है। इस पर शासन द्वारा करोडों रुपए खर्च किए जाते हैं जबकि उसकी सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग ही लापरवाही बरतते हैं। इस समय तहसील क्षेत्र में हरे पेडों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। इससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। पेड काटने वालों पर कडी कार्रवाई नहीं होने के कारण इस पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। वन माफियाओं पर रोकथाम नहीं होने के कारण जहां कभी घना जंगल हुआ करता था, वहां पर अब ठूंठ ही नजर आते हैं। इस समय सागौन के अलावा आम, इमली, बबूल, जामुन, बरगद, नीम प्रजाति के पेडों की कटाई धडल्ले से जारी है। इन पेडों की हो रही कटाई से वन क्षेत्रों को तो नुकसान हो रहा है।इस संबंध में तहसीलदार संजय खेदड का कहना है कि हरे पेडों की कटाई पर प्रतिबंध है। यदि कहीं अवैध रूप से कटाई की जाती है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

आज मुख्यमंत्री करेगें सम्बोधित

टोंक। देवली मे आज राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उनियारा-देवली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याक्षी राजेंद्र गुर्जर के समर्थन मे एक विशाल जन सभा को दशहरा मेदान मे सम्बोधित करेंगे। इस मौके पर जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर, जन स्वास्थय अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, प्रभुलाल सैनी, नेमीचंद जैन जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता इत्यादि ने अलग अलग मण्डलो की बैठक लेकर अधिक से अधिक संख्या मे इस सभा मे आने हेतु अपील की। जिसकी तैयारियो की समीक्षा के लिए जिलाध्यक्ष ने जायजा लिया, इस दौरान जिलाध्यक्ष मेहता ने बताया की राजस्थान की जन हितकारी भजनलाल सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों से क्षेत्र के लोग काफी खुश है और यही वजह है की अब तक के सभी जन संपर्क अभियान और सभाओ मे जन सैलाब उमड़ कर आया है और यह सभा भी एक ऐतिहासिक सभा होंगी। इस सभा को लेकर सभी तैयारियो को पूरा किया जा चूका है और निश्चित रूप से विधानसभा क्षेत्र की जनता भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याक्षी राजेंद्र गुर्जर को भारी मतो से विजय बनाकर विधानसभा भेजेगी।

संस्कृत भारती भाषा बोधन का समापन

मालपुरा । संस्कृत भारती द्वारा आदर्श विद्या मंदिर मालपुरा मे आयोजित आवासीय संस्कृत भारती भाषा बोधन वर्ग का गुरूवार को समापन हुआ। भारत माता पूजन के साथ वर्ग के हुये समापन पर दीपको से अखण्ड भारत का चित्र बनाया। बालिका आदर्श विद्या मंदिर मे आयोजित शिविर के समापन समारोह मे अध्यक्षता कपिल देव शर्मा,मुख्य अतिथि सत्संगी आनन्द दास व मुख्यवक्ता डॉ. कमल किशोर चोटिया,प्रान्त मंत्री चन्द्रशेखर शर्मा,डॉ1 अंकित कुमार जैन,विभाग संयोजक महेश नारायण शर्मा,ने अपना उदबोधन किया। आवासीय वर्ग मे 31 प्रशिक्षणार्थीयो ने संस्कृत सम्भाषण सीख उसका प्रस्तुतीकरण भी किया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ को किया आमंत्रित

निवाई। पुष्कर में 14 नवंबर को 105 वां राष्ट्रीय जाट महाधिवेशन आयोजित होगा। महाधिवेशन में देशभर से जाट समाज के लोग भाग लेंगे। ऐतिहासिक राष्ट्रीय जाट महाधिवेशन की तैयारियों को लेकर शहरों सहित ग्रामीण क्षेत्र में समाज के लोगों की बैठक करके अधिवेशन को सफल बनाने का आव्हान किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक हरिराम किंवाड़ा ने बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति होंगे। उन्होने बताया कि अधिवेशन में समाज के प्रबुद्ध जनो से परिचय संवाद और संबोधन राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि एवं सामाजिक सरोकारों में श्रेष्ठतम योगदान देने वाले विशिष्ट जनों का सम्मान किया जाएगा तथा अधिवेशन में कवि सम्मेलन, तेजा गायन, भजन संध्या सहित कई सांस्कृतिक लोक नृत्यो का आयोजन किया जाएगा। समाज के गौरवशाली अतीत को याद करने व जाट इतिहास सहित कला, शिक्षा, साहित्य, संस्कृति व रोजगार को लेकर चर्चा की जाएगी। अधिवेशन को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को आमंत्रण सौंपा है।

शान्ति भंग के आरोप में सात गिरफ्तार

मानपुरा माचेड़ी । चंदवाजी थाना पुलिस ने भैंस चोरी के मामले में एक नाबालिग को निरूद्ध करते हुए सात लोगो को शांति भंग में गिरफ्तार किया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि गत 04 नवम्बर को लखेर निवासी बालूराम पुत्र लाखाराम गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई की कि 04 नवम्बर की रात्रि को मेरी भैंस व दो पाडी मकान के बाहर पास के खेत में बंधी थी जिनको अज्ञात चोर ले गये। वहाँ बंधी गाय के रम्भाने से मेरे को जाग हो गया। मैंने देखा तो मौके पर मेरी भैंस व पाड़ी नहीं थी। मैंने टार्च जलाकर देखा अज्ञात चोर पिकअप में लेकर भाग गये तथा दो पाडी वहीं छोड़ गये।पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान श